हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026

**तापमान**
अधिकतम 40.1°C
न्यूनतम 28.4°C

**नगर में आज**
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पीजी की प्रवेश परीक्षाएं सुबह 10 बजे से
- बंसीलाल स्टेडियम में गुरुग्राम और पंचकूला के बीच मैच सुबह 9 बजे
- नगर निगम की ओर से वार्डों में चलाया जाएगा सफाई अभियान।

## 80 फुटा झज्जर रोड 25 में सिमटा

### पुल बन गया, सड़क चौड़ी हो गई, लेकिन कब्जों और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण हर पांच मिनट में लगता है जाम

### जितनी बड़ी दुकान, उससे ज्यादा सड़क पर सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कागजों में 80 फुट चौड़ी सड़क, करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया रेलवे ओवरब्रिज और शहर को जाम से राहत देने के बड़े-बड़े दावे। लेकिन हकीकत यह है कि रोहतक का झज्जर रोड आज भी जाम के जाल में फंसा हुआ है।

सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि 80 फुट चौड़ी सड़क पर वाहनों के चलने के लिए मुश्किल से 25 फुट जगह ही बची है। नतीजा यह है कि यहां हर पांच मिनट में जाम लगना आम बात हो गई है। सुबह से लेकर देर शाम तक झज्जर रोड पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। सबसे अधिक परेशानी रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और मरीजों को उठानी पड़ती है। जाम में फंसने के कारण कई बार यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है, जबकि एंबुलेंस के लिए भी रास्ता बनाना चुनौती बन जाता है।

#### आरओबी बनने से भी राहत नहीं

झज्जर रोड पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण इस उम्मीद के साथ किया गया था कि रेलवे फाटक बंद होने से लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। पुल बनने के बाद कुछ समय तक स्थिति बेहतर दिखाई दी, लेकिन धीरे-धीरे सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग ने समस्या को फिर पहले जैसा बना दिया। स्थिति यह है कि पुल होने के बावजूद सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है। झज्जर रोड के दोनों ओर कई दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। अधिकांश दुकानदार और ग्राहक अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें सड़क की काफी चौड़ाई घेर लेती हैं। इसके अलावा कई जगहों पर रेहड़ी-फड़ी और अन्य अस्थायी अतिक्रमण भी यातायात में बाधा बनते हैं।





#### नियमित पुलिस तैनात न होने से भी परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि झज्जर रोड पर दिनभर ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। थोड़ी-सी लापरवाही या एक वाहन के रुकते ही वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार लोगों को कुछ सौ मीटर की दूरी तय करने में 20 से 30 मिनट तक लग जाते हैं। कार्यालय समय और ट्रेन के आने-जाने के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झज्जर रोड पर नियमित रूप से यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात नहीं रहते। ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति में लोग मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर देते हैं। यदि सड़क पर नियमित निगरानी और चालान की कार्रवाई हो तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो सकता है।

#### स्टेशन का प्रमुख मार्ग अक्सर छूट जाती हैं ट्रेन

झज्जर रोड रेलवे स्टेशन का प्रमुख मार्ग है। रोजाना हजारों यात्री इसी रास्ते से स्टेशन पहुंचते हैं। जाम में फंसने के कारण कई यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। समय पर घर से निकलने के बावजूद स्टेशन तक पहुंचने में लगने वाला अतिरिक्त समय लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है।

#### एंबुलेंस तक को रास्ता मिलने में होती है देरी

सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है जब किसी मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस जाम में फंस जाती है। सड़क पर पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण अन्य वाहन भी रास्ता नहीं दे पाते। कई बार एंबुलेंस को जाम से निकलने में लंबा समय लग जाता है, जिससे मरीज की जान तक खतरे में पड़ सकती है।

#### पार्किंग की व्यवस्था केवल रेलवे स्टेशन तक सीमित

झज्जर रोड पर सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की भी है। रेलवे स्टेशन परिसर के अलावा आसपास कोई व्यवस्थित सार्वजनिक पार्किंग नहीं है। मजबूरी में लोग सड़क किनारे ही वाहन खड़े कर देते हैं। यही अव्यवस्थित पार्किंग धीरे-धीरे जाम की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है।

#### स्थायी समाधान की जरूरत

शहर के लोगों का मानना है कि केवल सड़क चौड़ी कर देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्ती, वैकल्पिक पार्किंग स्थल विकसित करने और नियमित ट्रैफिक पुलिस की तैनाती जैसे कदम उठाए बिना झज्जर रोड को जाम से मुक्ति नहीं मिल सकती। यदि प्रशासन समय रहते प्रभावी कार्रवाई करता है तो शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल झज्जर रोड पर यातायात व्यवस्था को काफी हद तक सुचारु बनाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू की एमएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 23 से

**रोहतक।** एमडीयू ने एमएड द्वितीय सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर), एमएड स्पेशल एजुकेशन (एनईपी) री-अपीयर तथा एमएड स्पेशल स्कीम द्वितीय सेमेस्टर (फ्रेश) की जुलाई-2026 परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 23 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा की डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### मदवि ने दो विषयों की परीक्षाओं की तिथि बदली

**रोहतक।** एमडीयू ने बीए डिस्टेंस मोड (अतिरिक्त पाठ्यक्रम) द्वितीय वर्ष तथा एमटेक द्वितीय सेमेस्टर (ओपन इलेक्टिव) की परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीए डिस्टेंस मोड (अतिरिक्त पाठ्यक्रम) द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी (अनिवार्य) विषय की परीक्षा, जो पहले 21 जुलाई को होनी थी, अब 31 जुलाई को होगी। इसी प्रकार, एमटेक द्वितीय सेमेस्टर (सीबीसीएस) ओपन इलेक्टिव के बेसिक्स ऑफ पावर सिस्टम की परीक्षा, जो पहले 30 जुलाई को निर्धारित थी, अब 20 जुलाई को होगी। परीक्षाओं का समय एवं परीक्षा केंद्र पूर्ववत रहेंगे।

### इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में आवेदन शुरू

**रोहतक।** एमडीयू के शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) के दूसरे चरण- बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ माधुरी हुड्डा के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया 13 जुलाई से शुरू हो गई है, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए मेरिट सूची राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी एनसीईटी स्कोरकार्ड के आधार पर तैयार की जाएगी। काउंसलिंग कार्यक्रम बाद में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी नई सूचना या संशोधन की जानकारी भी वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

### सांपला में बिहार के मजदूर की मौत

**सांपला।** नेशनल हाईवे स्थित पुल के पास संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार निवासी कृष्ण के रूप में हुई है, जो अपने 4-5 साथियों के साथ पुल के पास किराये पर रहकर मजदूरी करता था। देर रात सूचना मिलने के बाद पुलिस को मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों और साथियों से पूछताछ की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## आज 6 घंटे बंद रहेगी द्वितीय जलघर की सप्लाई, दोपहर-शाम नहीं आएगा पानी

### कई कॉलोनियों में होगी दिक्कत, सुबह ही कर लें पानी स्टोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के द्वितीय जलघर पर मंगलवार को ट्रांसफार्मर और पंप बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जलघर से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इसके चलते शहर की कई कॉलोनियों में दोपहर और शाम की पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विभाग ने लोगों से पहले ही जरूरत के अनुसार पानी का भंडारण कर लेने की अपील की है, ताकि मरम्मत कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जेई मयंक ने बताया कि द्वितीय जलघर पर ट्रांसफार्मर और पंप को बदलने का कार्य किया जाना है।

#### जानें किन कॉलोनियों पर पड़ेगा असर

यह रखरखाव कार्य जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित और निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। तकनीकी कार्य के दौरान पूरे जलघर की आपूर्ति बंद रखना जरूरी होगा, इसलिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पानी की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इस दौरान मुख्तार जनता कॉलोनी, काठ मंडी, सुनारिया रोड क्षेत्र, डीएलएफ कॉलोनी, विजय नगर, हिसार रोड, भिवानी रोड, शीतल नगर, राजेंद्र कॉलोनी, अमृत कॉलोनी तथा हरि सिंह कॉलोनी में दोपहर और शाम की जलापूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों उपभोक्ताओं पर इसका असर पड़ेगा।

#### पानी की बर्बादी से बचें

जेई मयंक ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों के लोग सुबह 10 बजे से पहले अपनी आवश्यकता के अनुसार पेयजल का पर्याप्त भंडारण कर लें। उन्होंने बताया कि तकनीकी कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि, पाइपलाइन में दोबारा पानी का दबाव बनने और सभी इलाकों तक सप्लाई पहुंचने में कुछ समय लग सकता है। इसलिए कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति शाम के बाद सामान्य होने में थोड़ी देरी भी हो सकती है।

#### बेहतर होगी कार्यक्षमता

ट्रांसफार्मर और पंप बदलने से जलघर की कार्यक्षमता बेहतर होगी तथा भविष्य में तकनीकी खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित होने की संभावना कम होगी। विभाग का प्रयास है कि निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा कर जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाए। यदि किसी क्षेत्र में निर्धारित समय के बाद भी जलापूर्ति सामान्य नहीं होती है तो संबंधित उपभोक्ता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के स्थानीय कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सरपंच के खिलाफ शिकायत के बाद हमला, डंडे मार-मार तोड़ दिया पांव

### शिमली में पंचायती भूमि के विवाद ने लिया हिंसक रूप

- 1 जुलाई की मारपीट के बाद अब 11 जुलाई की घटना पर एफआईआर
- आरोपः शिकायत वापस न लेने पर गोली मारने की धमकी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव शिमली में पंचायती भूमि को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने गांव निवासी जगबीर की शिकायत पर महिला सरपंच मोनिका, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र, शिवम सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच के खिलाफ शिकायत करने की रंजिश में आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से रास्ता रोककर जानलेवा हमला किया, जिसमें उसका एक पैर टूट गया।

पुलिस को दी शिकायत में जगबीर पुत्र स्वरूप सिंह निवासी गांव शिमली ने बताया कि उसने 18 जून को डीडीपीओ कार्यालय रोहतक में आयोजित समाधान शिविर में एक शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर 1 जुलाई को विभाग के कर्मचारी अशोक और ग्राम सचिव रितु गांव शिमली में जमीन का मुआयना करने पहुंचे थे। इस दौरान उसे भी मौके पर बुलाया गया। जगबीर का आरोप है कि निरीक्षण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र और उसके साथ आए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसके और उसके भतीजे सुनील के साथ मारपीट की। इस घटना की शिकायत उन्होंने 3 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय रोहतक में दी थी।

#### नकाबपोश युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

शिकायतकर्ता के अनुसार, 11 जुलाई की शाम करीब सात बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए स्कूटी से रोहतक की ओर जा रहा था। गांव से आगे नहर के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसकी स्कूटी के आगे मोटरसाइकिल लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि शिवम पुत्र करण सिंह ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लकड़ी के डंडे से वार किया, जबकि दो नकाबपोश युवकों ने उसके पैरों पर लगातार डंडों से हमला किया। हमले में उसका बायां पैर टूट गया तथा दाएं पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं।

#### प्लॉट आवंटित करने के मुद्दे को लेकर चल रहा है विवाद

जगबीर ने शिकायत में बताया कि हमलावरों में से एक नकाबपोश युवक जतिन पुत्र धर्मेंद्र था, जबकि दूसरे की पहचान वह नहीं कर सका। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि सरपंच के खिलाफ शिकायत करने का मजा चखा दिया है। यदि शिकायत वापस नहीं ली तो पूरे परिवार को गोली मार देंगे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। ऐसे में उसे और उसके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गांव की मौजूदा सरपंच मोनिका और जाट समुदाय के कुछ लोगों के बीच गरीब व्यक्तियों को प्लॉट आवंटित करने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के तहत 1 जुलाई को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्कूल के पास जमीन का निरीक्षण किया जा रहा था, जहां दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उस मामले में भी पहले से एफआईआर दर्ज है।

## हादसे के 48 घंटे बाद भाखरा हेड से निकलने वाली सब ब्रांच में मिला 9 वर्षीय प्रदीप का शव

### 48 घंटे बाद खत्म हुआ एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन

**रोहतक।** एसडीआरएफ ने जेएलएन नहर में डूबे दूसरे बच्चे का शव 48 घंटे बाद भाखरा हेड से निकलने वाली सब ब्रांच से बेरी और धौड़ के पास बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर 12 वर्षीय कुलदीप और 9 वर्षीय प्रदीप पुत्र दलीप सिंह जेएलएन नहर पर नहाने गए थे। नहाते समय प्रदीप का पैर फिसल गया और बहने लगा। उसे बचाने के लिए बड़ा भाई कुलदीप बिना देर किए नहर में कूद पड़ा, लेकिन पानी का तेज बहाव दोनों को बहा ले गया। 20 घंटे बाद कुलदीप का शव बरामद हो गया, लेकिन प्रदीप का सुराग नहीं मिला था।



#### एसडीआरएफ और लोग मौके पर पहुंचे

पुलिस, एसडीआरएफ की टीम टीम ने बोहर से लेकर भाखरा हेड तक नहर में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। सोमवार को हादसे के 48 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम को सफलता मिली। भाखरा हेड से निकलने वाली छोटी ब्रांच में गोताखोर कुलवीर हुड्डा और उसकी टीम ने प्रदीप का शव बाहर निकाला।

#### जारी रखे प्रयास

एसडीआरएफ के एएसआई राजेश ने बताया कि तेज बहाव के कारण तलाश में काफी कठिनाई आई, लेकिन टीम ने प्रयास जारी रखे और दूसरे बच्चे का शव ढूंढ लिया। हादसे की सबसे मार्मिक बात यह रही कि छोटे को डूबता देख बड़ा भाई उसे बचाने के लिए बिना अपनी जान की परवाह किए नहर में कूद गया। लेकिन तेज बहाव के आगे दोनों मासूम जिंदगी की जंग हार गए।

## साइबर ठगी के दो मामलों में 1.58 लाख उड़ाए, जांच शुरू

**रोहतक।** जिले में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में बदमाशों ने दो लोगों के बैंक खातों से कुल 1 लाख 58 हजार रुपये की ठगी कर ली। पहले मामले में शहर थाना पुलिस को कबीर कॉलोनी निवासी राजेश कुमार ने शिकायत दी कि 4 जुलाई को उसके बैंक खाते से 60 हजार रुपये अज्ञात तरीके से निकाल लिए गए। जब उसने खाते की जानकारी ली तो धोखाधड़ी का पता चला। वहीं दूसरे मामले में कलानौर थाना पुलिस को निगाना निवासी योगेश ने शिकायत दी कि 8 जून को शाम करीब छह बजे उसके बैंक खाते से गूगल पे के माध्यम से 98 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। जांच करने पर पता चला कि यह राशि 'लेलसी' नामक व्यक्ति की यूपीआई आईडी में भेजी गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## नीट की छात्राओं को अश्लील और धमकी भरे मैसेज भेजे पढ़ाई छोड़कर घर बैठीं

- आईटी छात्र पर फेक टेलीग्राम आईडी चलाने का आरोप, छात्राओं को धमकाने का केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर थाना पुलिस ने कस्बे की एक महिला की शिकायत पर फेक टेलीग्राम आईडी के जरिए दो छात्राओं को धमकी भरे और आपत्तिजनक संदेश भेजने के मामले के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी रोहतक स्थित अकादमी में नीट की तैयारी कर रही है गर्ल्स हॉस्टल में रहती है, जहां उसके साथ एक अन्य छात्रा भी रूममेट है। शिकायत के अनुसार, दोनों छात्राओं के मोबाइल फोन पर एक फेक टेलीग्राम आईडी से लगातार अभद्र, आपत्तिजनक और धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे हैं। परिवार ने मोबाइल की जांच की तो पता चला कि कथित तौर पर यह फर्जी आईडी मनीष नाम का युवक चला रहा है, जो आईटी का छात्र बताया गया है। आरोप है कि वह दोनों छात्राओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उनका करियर खराब करने की कोशिश कर रहा है। महिला ने बताया कि टेलीग्राम संदेशों के अलावा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से लगातार फोन कॉल भी की जा रही हैं।




#### तनाव में छात्राएं

इतना ही नहीं, दोनों छात्राओं के मोबाइल नंबरों पर बार-बार ओटीपी भी भेजे जा रहे हैं, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं। शिकायत में कहा गया है कि फेक आईडी से भेजे गए संदेशों में धमकी दी गई है कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो दोनों छात्राओं की जिंदगी बर्बाद कर दी जाएगी। संदेशों में यह भी लिखा गया है कि वह उनके परिवार को जानता है और यदि बात नहीं की गई तो अंजाम ठीक नहीं होगा। परिजनों का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण दोनों छात्राएं भयभीत हैं। उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई है और डर के कारण वे फिलहाल हॉस्टल छोड़कर घर पर रहने को मजबूर हैं।

#### जल्द होगी गिरफ्तारी

कलानौर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल डाटा की जांच की जा रही है। मामले में शामिल व्यक्ति की पहचान कर जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही फेक टेलीग्राम आईडी और उससे जुड़े मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है।

**सुविधा** प्रधान दीपक पुनियानी के प्रयासों से लोगों को पार्किंग की परेशानी व कीचड़ से मिलेगी राहत

## किला रोड पर पार्किंग स्थल पर लगाईं टाइलें, सिर्फ ग्राहकों के 200 दुपहिया वाहनों को मिलेगी जगह

- दुकानदार के वाहनों पर प्रतिबंध उनको दी गई है अलग पार्किंग सड़क पर गड्ढों को भी भरवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किला रोड पर खरीदारी के लिए आने वाले हजारों लोगों को अब पार्किंग की परेशानी और कीचड़ से राहत मिलेगी। नगर निगम ने पार्किंग स्थल पर टाइलें बिछाकर उसे व्यवस्थित कर दिया है, जिससे अब करीब 200 दुपहिया वाहन एक साथ खड़े किए जा सकेंगे। साथ ही सड़क के बाहर बने गड्ढों को भी भरवा दिया गया है, जहां बरसात के दौरान पानी भरने से वाहन चालकों को काफी परेशानी होती थी। खास बात यह है कि इस पार्किंग का उपयोग केवल खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों के दुपहिया वाहन ही कर सकेंगे, जबकि दुकानदारों के वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



#### रोजाना आते हैं हजारों ग्राहक

करीब दो वर्ष पहले इस स्थान पर पार्किंग तो बनाई गई थी, लेकिन जमीन समतल नहीं होने और टाइलें नहीं होने के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार दोपहिया वाहन फिसल जाते थे और चालक गिरकर चोटिल भी हो जाते थे। बरसात के मौसम में हालात और खराब हो जाते थे, क्योंकि पार्किंग के बाहर सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाता था। इससे वाहन निकालना और खड़ा करना दोनों ही मुश्किल हो जाता था।

#### यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद

अब नगर निगम ने पार्किंग स्थल पर टाइलें लगाकर उसे सुरक्षित बनाया है। साथ ही पार्किंग के बाहर सड़क पर बने गड्ढों को भी भरवा दिया गया है, जिससे बारिश के दौरान पानी जमा होने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। किला रोड शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां रोजाना हजारों ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था लंबे समय से व्यापारियों और ग्राहकों की प्रमुख मांग रही है। दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद वे अपने वाहन यहां खड़े नहीं करेंगे ताकि ग्राहक पार्किंग स्थल पर अनावश्यक दबाव न बने। इससे बाजार में यातायात व्यवस्था भी बेहतर होने की उम्मीद है।

#### कच्ची सतह व गड्ढों के कारण गिर जाते थे वाहन



पार्किंग स्थल पर टाइलें लगने से अब ग्राहकों को काफी सुविधा मिलेगी। पहले कच्ची सतह और गड्ढों के कारण वाहन चालक गिर जाते थे और बरसात में पानी भरने से परेशानी बढ़ जाती थी। अब करीब 200 दुपहिया वाहन व्यवस्थित ढंग से खड़े किए जा सकेंगे। यह पार्किंग केवल ग्राहकों के लिए रहेगी, जबकि दुकानदारों के वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। **-दीपक पुनियानी,** प्रधान किला रोड

## खोखराकोट में हेरोइन के साथ महिला पकड़ी

**रोहतक।** रोहतक पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने एक महिला को 19 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला को अदालत में पेश करने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक अनिल के नेतृत्व में एएनसी स्टाफ की टीम सांसी चौक क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना पर टीम ने रैनकपुरा खोखराकोट की महिला को तालाब के पास को रोककर पूछताछ की। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से 19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में महिला की पहचान रवीना निवासी रैनकपुरा, खोखराकोट के रूप में हुई। बरामद हेरोइन को कब्जे में लेकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में दर्ज किया है।

**खबर संक्षेप**

## लोजपा ने पंजाब चुनाव की तैयारियां शुरू की



**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए चंडीगढ़ और पंजाब में संगठन विस्तार तथा चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित कीं। बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष परवीन सभरवाल के नेतृत्व में रोहतक जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, उप सचिव आशीष कुमार यादव, हल्का अध्यक्ष मिथलेश पांडेय, हल्का उपाध्यक्ष रंजीत चौधरी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान से एयरपोर्ट पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात में संगठन विस्तार, पंजाब में पार्टी की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

## निजीकरण जन विरोधी अपना कार्यकाल याद करें हुड्डा : धनखड़

**रोहतक।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ ने निजीकरण को जनविरोधी बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के बिजली निजीकरण संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार के कार्यकाल में परिवहन, शिक्षा और जनस्वास्थ्य जैसे विभागों में भी निजीकरण की दिशा में कदम उठाए गए थे। धनखड़ ने आरोप लगाया कि वर्ष 2005 में हिसार से निजी वोल्वो बस सेवा शुरू किए जाने का परिवहन कर्मचारियों ने विरोध किया था, जिस दौरान उन पर लाठीचार्ज हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2008 में चालक-परिचालकों की भर्ती निजी कंपनी के माध्यम से करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसे यूनियनों के विरोध के बाद वापस लेना पड़ा।

# विशेष अभियान : अब नो पार्किंग में वाहन खड़ा किया तो कटेगा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने नो पार्किंग क्षेत्रों में खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पुलिस टीम ने बाजार के मुख्य चौक सहित विभिन्न भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया और सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान काटे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि बाजार क्षेत्र में अनियंत्रित तरीके से सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इससे न केवल आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




### भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन पार्क न करें

अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक भी किया। लोगों से अपील की गई कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें और किसी भी स्थिति में नो पार्किंग क्षेत्र या सड़क किनारे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन पार्क न करें। पुलिस ने कहा कि नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इससे सभी को सुगम यातायात का लाभ मिलेगा।

### दुकानदारों से सहयोग की अपील

पुलिस प्रशासन ने बाजार के दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने वाहनों को खड़ा न होने दें और ग्राहकों को भी निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। यदि दुकानों के सामने अवैध रूप से वाहन खड़े पाए गए तो संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और नगरपालिका अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर ही बाजार को जाममुक्त और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।

### नपा प्रशासन भी अतिक्रमण पर सख्त

उधर, नगरपालिका प्रशासन ने भी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि वे सड़क पर अवैध रूप से रेहड़ी या अन्य सामान लगाकर यातायात बाधित न करें। यदि किसी दुकान के बाहर रेहड़ी या अतिक्रमण पाया गया तो उसका भी चालान किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों को नियमों की जानकारी देने के लिए बाजार के प्रमुख स्थानों पर सूचना बोर्ड भी लगा दिए हैं।

### लंबे समय से लोग कर रहे थे शिकायत, अब मिलेगी बड़ी राहत

# लघु सचिवालय के सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

करीब डेढ़ दशक पहले बने रोहतक के लघु सचिवालय भवन में आम लोगों के लिए बनाए गए शौचालयों के नवीनीकरण का कार्य प्रशासन ने शुरू करा दिया है। लंबे समय से इन शौचालयों की हालत खराब होने के कारण यहां आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब चरणबद्ध तरीके से इनकी मरम्मत और आवश्यक सुधार कराया जा रहा है। प्रथम मंजिल के सार्वजनिक शौचालयों का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि अब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित शौचालयों के नवीनीकरण का काम चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य पूरा होने के बाद आम नागरिकों को पहले की तुलना में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रशासन का उद्देश्य है कि नवीनीकरण का कार्य जल्द पूरा कर सभी सार्वजनिक शौचालयों को व्यवस्थित रूप से चालू किया जाए। इसके बाद नियमित सफाई और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इससे लघु सचिवालय में आने वाले आम नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

लघु सचिवालय में प्रतिदिन विभिन्न सरकारी विभागों में अपने कार्यों के लिए जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांग और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिक भी शामिल होते हैं। ऐसे में सार्वजनिक शौचालयों की खराब स्थिति लंबे समय से लोगों की शिकायत का विषय बनी हुई थी। कई स्थानों पर सीटें क्षतिग्रस्त थीं, पानी की व्यवस्था प्रभावित रहती थी और सफाई व्यवस्था भी अपेक्षित स्तर की नहीं रह गई थी। इससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था।

जानकारी के अनुसार, भवन के निर्माण के समय बनाए गए अधिकांश सार्वजनिक शौचालयों में पिछले कई वर्षों से व्यापक स्तर पर मरम्मत नहीं हुई थी। लगातार उपयोग और समय के साथ इनके अधिकांश फिटिंग, पाइपलाइन तथा अन्य सुविधाएं जर्जर हो गई थीं। अब प्रशासन ने इनकी मरम्मत, नई फिटिंग लगाने, पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने तथा अन्य आवश्यक कार्य शुरू कराए हैं ताकि शौचालयों को दोबारा उपयोग के योग्य बनाया जा सके। वहीं, कर्मचारियों का भी कहना है कि सार्वजनिक सुविधाओं का समय-समय पर रखरखाव होता रहना चाहिए, जिससे भवन की व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहें।





### प्रथम मंजिल पर शुरू हुआ शौचालयों का उपयोग

प्रथम मंजिल पर स्थित सार्वजनिक शौचालयों का नवीनीकरण पूरा होने के बाद अब उनका उपयोग शुरू हो गया है। इसके बाद ग्राउंड फ्लोर के शौचालयों पर काम किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है ताकि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को अधिक परेशानी न हो। लघु सचिवालय में आने वाले कुछ लोगों का कहना है कि लंबे समय से शौचालयों की स्थिति सुधारने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

# आधी रात सरपंच की धुएं से खुली आंख, टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रात के सन्नाटे में अगर कुछ मिनट और देर हो जाती तो महम क्षेत्र के गांव इंदरगढ़ में एक पूरा परिवार आग की लपटों में घिर सकता था। गहरी नींद में सो रहे परिवार की जान उस समय बच गई, जब कमरे में भरते धुएं के कारण सरपंच की आंख खुल गई। उन्होंने बिना समय गंवाए परिवार के सभी सदस्यों को बाहर निकाला। हालांकि आग से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना सोमवार तड़के करीब ढाई बजे की है। गांव इंदरगढ़ निवासी सरपंच विनोद अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। घर में उनकी पत्नी, बच्चे और नौ माह की मासूम बच्ची सहित कुल आठ सदस्य मौजूद थे। इसी दौरान अचानक कमरे में धुआं भरने लगा। धुएं से सांस लेने में परेशानी होने पर विनोद की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि कमरे के पर्दे और अन्य सामान आग की चपेट में हैं। उन्होंने तुरंत परिवार के सभी सदस्यों को जगाकर सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ ही देर में आग ने घर के एक हिस्से में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने बाल्टियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता तो पूरा मकान जल सकता था। पुलिस ने मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। आग से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। सरपंच विनोद ने बताया कि धुएं के कारण समय रहते उनकी आंख खुल गई, जिससे पूरा परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया।



## समाधान शिविरों में अधिकारियों ने सुनीं विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें , निस्तारण के निर्देश

**रोहतक।** जिला मुख्यालय सहित सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर सोमवार को समाधान शिविर आयोजित किए गए, जहां विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सुनकर उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश शुभम, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में राजस्व, नगर निगम, पुलिस, पंचायत, बिजली, जनस्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से बताया गया कि समाधान शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका यथासंभव त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी प्रकार सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी संबंधित उपमंडलाधीशों की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किए गए। वहां भी नागरिकों की शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों में प्राप्त शिकायतों को लंबित न रखा जाए।

## एमडीयू में सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में शिक्षकों की कमी पर इनसो का प्रदर्शन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में स्थायी शिक्षकों की कमी और ऑनलाइन पढ़ाई के विरोध में आज इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दीपक मलिक ने कहा कि विभाग में एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है। मल्टीवेरिएट एनालिसिस और स्टोकेस्टिक प्रोसेसेज जैसे महत्वपूर्ण विषयों को स्वयं पोर्टल के जरिए ऑनलाइन पढ़ाना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह यूजीसी-नेट और पीएचडी परीक्षाओं के स्तर के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि जब छात्र या अभिभावक विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में सवाल उठाते हैं, तो उनके संदेश हटा दिए जाते हैं और उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया जाता है। विभागाध्यक्ष (एचओडी) द्वारा छात्रों की आवाज दबाना बेहद गलत है। कुलपति और कुलसचिव की अनुपस्थिति में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. ए. एस. मान ने छात्रों की समस्याएं सुनीं। डीन ने विभागाध्यक्ष को छात्रों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने और विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार सभी विषयों की पढ़ाई फेस-टू-फेस (ऑफलाइन) माध्यम से सुचारु रूप से चलाने के सख्त निर्देश दिए। इस प्रदर्शन में विशेष अहलावत, ऋषभ भाकर सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।





## प्रतिदिन ठंडे पेयजल की छबील के समापन पर सुभाष नगर में लगाया विशाल भंडारा

**रोहतक।** सुभाष नगर स्थित सुभाष पार्क के सामने एसएनजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन 27 मई से निरंतर चल रही ठंडी छबील सेवा के सफल समापन के उपलक्ष्य में किया गया। भीषण गर्मी के दौरान एसोसिएशन द्वारा राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों के लिए प्रतिदिन ठंडे पेय (छबील) की सेवा निस्वार्थ भाव से की जा रही थी। लगभग डेढ़ माह तक चली इस सेवा का विधिवत समापन करते हुए विशाल भंडारे एवं छबील वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। एस एन जन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा ने इस अवसर पर बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज सेवा एवं जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए यह छबील सेवा शुरू की गई थी, जिसे निरंतर रूप से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस छबील में शहरवासियों ने पूर्ण सहयोग किया। छबील के माध्यम से शहरवासियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान की गई।

## आर्य स्कूल के विद्यार्थियों ने पंचायती भूमि में लगाए छायादार पेड़ों के 50 पौधे

**महम।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना ने सोमवार को मदीना में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा मातृ सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अभियान की शुरुआत जिला सीएलजी इंचार्ज विकास बंसल व पीटीसी निदेशक संदीप गर्ग ने अपने कर-कमलों से प्रथम पौधा रोपण करके की। इस अभियान में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और मां के नाम पर लगाया गया प्रत्येक पौधा हमारे संस्कार और कर्तव्य का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा आज पंचायती भूमि पर 50 नीम , पिल्खन व कदम के छायादार पौधों को रोपित किया गया। विद्यालय द्वारा हाल ही में लगभग 250 पौधे लगाने और पाँच वर्ष तक उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया है। भविष्य की योजना के अंतर्गत विद्यालय हर माह इस अभियान को आगे बढ़ाएगा और गांव के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण करेगा। साथ ही विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा के महत्व पर विशेष कक्षाएँ भी आयोजित की जाएगी।





## 8वें वेतन आयोग में पेंशन नहीं, 29 सितंबर को जिला मुख्यालयों पर धरने की चेतावनी

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक में राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन राज्य महासचिव रतन जिंदल ने किया। बैठक की शुरुआत संघ के पूर्व राज्य प्रधान स्वर्गीय जरनैल सिंह सांगवान को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गठित 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस में पेंशन का उल्लेख नहीं किया गया है, जिससे पेंशनरों में चिंता बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति पेंशन विरोधी विधेयक 2025 की मंशा को दर्शाती है। पेंशनरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा। इसके तहत 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय रैली में हरियाणा से भी बड़ी संख्या में पेंशनर भाग लेंगे। वहीं 29 सितंबर सुबह 10 बजे से 30 सितंबर सुबह 9 बजे तक जिला मुख्यालयों पर 24 घंटे का धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान बलवान नांदल, सूरजकौर अहलावत, मनोहर जाखड़, जयप्रकाश शास्त्री, दिलबाग सिंह, जगपाल सांगवान सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल वाहनों की बजाय इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों से जाएंगे लोग

# इको फ्रेंडली होगी जींद में पीएम मोदी की रैली : मनीष ग्रोवर

**17 को भिवानी और नारनौल मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यकर्ताओं की बैठक लेते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ।

हरियाणा के जींद में 17 जुलाई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में भाजपा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने स्थानीय सिंचाई विश्राम गृह में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि, पार्षद सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पीएम की रैली पूरी तरह इको फ्रेंडली होगी इसमें सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहनों से कार्यकर्ता और आम लोग रैली में जाएंगे। प्रधानमंत्री जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही वे प्रदेश के विकास से जुड़ी करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी करेंगे। बैठक में मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, पार्षद कपिल नागपाल, पार्षद सुरेश किराड़, पार्षद डिंपल जैन, अशोक खुराना, पार्षद प्रवीण कौशिक, दीपू नागपाल, कुलबीर नरवाल, विकास बंसल, रवि नागपाल आदि रहे।

### गढ़ी- सांपला से रिकॉर्ड तोड़ भीड़ करेगी पीएम का स्वागत

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने सोमवार को सांपला में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 17 जुलाई को जींद में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटें। उन्होंने कहा कि गढ़ी सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड तोड़ भीड़ रैली में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे तथा देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर विकसित हरियाणा से विकसित भारत के संकल्प को नई गति देंगे। प्रधानमंत्री भिवानी और नारनौल मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे, जिससे दक्षिण हरियाणा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड फोरलेन, दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड, जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग, हांसी-बरवाला फोरलेन और अन्य सड़क परियोजनाएं प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई मजबूती देंगी।



# रोहतक समेत चार टीमों ने जीती बाजी सेमीफाइनल में पहुंची

# पटौदी ट्रॉफी: रोहतक ने करनाल को हराया, ऋशांत कोहली ने ठोका शतक और पीयूष दहिया ने तीन विकेट झटके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही प्रतिष्ठित पटौदी ट्रॉफी 2026-27 में रोमांचक मुकाबले खेले गए। सोमवार को खेले गए चार मुकाबलों में पंचकूला, फरीदाबाद, रोहतक और गुरुग्राम की टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गुरुग्राम, फरीदाबाद और पंचकुला के मैच चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली के अलग अलग मैदानों पर और रोहतक का मैच 22 याड्र्स मैदान पर


पीयूष दहिया


ऋशांत कोहली

खेला गया। 22 याड्र्स, रोहतक में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोहतक ने करनाल को 7 विकेट से शिकस्त दी। करनाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 281 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहतक ने 40.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 287 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहतक की ओर से ऋशांत कोहली ने 113 रन 97 गेंद की शानदार पारी खेली। वहीं अंकित कुमार ने 59 रन 40 गेंद बनाए। आशीष सिवाच ने 54 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पीयूष दहिया ने 9 ओवर में 58 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। करनाल की ओर से अर्श कबीर राणा ने 73 रन 64 गेंद, निर्भान जुनेजा ने 57 रन 86 गेंद और करण दहिया ने 46 रन 33 गेंद बनाए।

### गुरुग्राम ने जींद को 97 रनों से हराया

स्टेडियम के ग्राउंड सी पर खेले गए मुकाबले में गुरुग्राम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवरों में 234 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गुरुग्राम की ओर से प्रिंस लोहिया ने बेहतरीन 55 रन और विभोर गौर ने तेजी से 42 रन बनाए। जींद की तरफ से गेंदबाजी में यश सिंह ने 3 विकेट और सौरव यादव ने 3 विकेट झटके। 235 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जींद की टीम गुरुग्राम के गेंदबाजों के आगे बेबस नजर आई और 38.4 ओवरों में महज 137 रनों पर सिमट गई। जींद के लिए अजय श्योकंद ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। गुरुग्राम की ओर से अंकित रेड्डी, रिंकू गांगस और भूपिंदर सिंह ने 2-2 विकेट लेकर अपनी टीम को 97 रनों की बड़ी जीत दिलाई।

### फरीदाबाद की एकतरफा जीत झज्जर को 120 रनों से दी मात

ग्राउंड बी पर फरीदाबाद के बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला। फरीदाबाद ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 313 रनों का विशाल स्कोर बनाया। धीरू सिंह ने 77 रन, लोकेश बेनीवाल ने 62 रन और यतिन जाखड़ ने 32 गेंदों पर 58 रनों की आतिशी पारी खेली। झज्जर की तरफ से सम्मी कादियान और सामंत जाखड़ ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में, झज्जर की टीम 35.3 ओवरों में 193 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। झज्जर के लिए गोरिश दहिया ने 43 रन और अभिषेक प्रसाद ने 38 रन बनाए, लेकिन वे जीत से काफी दूर रह गए। फरीदाबाद के गेंदबाज संदीप डगर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 41 रन देकर 4 विकेट चटकाए और अपनी टीम को 120 रनों की धमाकेदार जीत दिलाई।

### रुद्र रावत के शतक से चमका पंचकूला, सिरसा को 41 रनों से दी शिकस्त

ग्राउंड ए पर पंचकूला और सिरसा के बीच खेला गया मैच रुद्र रावत के शानदार शतक के नाम रहा। पंचकूला ने पहले खेलते हुए 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 186 रन बनाए। रुद्र रावत ने एक छोर संभाले रखा और 119 रनों की नाबाद जुझारू पारी खेली। सिरसा के गेंदबाज राहुल वर्मा ने 19 रन देकर 6 विकेट चटकाए। 187 रनों के लक्ष्य के जवाब में सिरसा की टीम 40 ओवरों में 145 रनों पर ही ढेर हो गई। सिरसा के लिए राहुल वर्मा ने बल्ले से भी योगदान देते हुए 56 रन बनाए। पंचकूला की ओर से आरव सेतिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए, जबकि कर्तव्य जगदेव ने 3 विकेट लेकर सिरसा की पारी को समेट दिया और पंचकूला को 41 रनों से जीत दिला दी।

## नए सत्र में 30 हजार प्रवेश का लक्ष्य, घर बैठे मिलेंगी अधिकांश छात्र सेवाएं

# 'कमाऊपूत' रहे डिस्टेंस एजुकेशन को फिर से रफ्तार देने की तैयारी

## दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों को भी होगा फायदा, पूरी व्यवस्था होगी ऑनलाइन

**दो लाख से घटकर 15 हजार के आसपास रह गई थी छात्र संख्या**

*कभी 850 करोड़ तक पहुंची थी आय, अब डिजिटल व्यवस्था से बढ़ेंगे दाखिले*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

कभी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की सबसे बड़ी आय का स्रोत रहा डिस्टेंस एजुकेशन निदेशालय अब एक बार फिर अपने पुराने गौरव को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। वर्ष 2009-10 में डिस्टेंस एजुकेशन से विश्वविद्यालय को करीब 850 करोड़ रुपये की आय हुई थी। उस समय इसे विश्वविद्यालय का कमाऊपूत माना जाता था, लेकिन समय के साथ छात्र संख्या में लगातार गिरावट आई और वर्ष 2025-26 में इसकी आय घटकर करीब 10 से 12 करोड़ रुपये तक सिमट गई।

अब विश्वविद्यालय नए शिक्षा सत्र से डिस्टेंस एजुकेशन की अधिकांश व्यवस्था ऑनलाइन करने की तैयारी में है, जिससे छात्र संख्या बढ़ाने के साथ देशभर के विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई जा सके। डिस्टेंस एजुकेशन निदेशालय की निदेशक सीनियर प्रो. राजेश धनखड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था को समय की जरूरत के अनुसार आधुनिक और रूचिपरक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों को प्रवेश से लेकर विभिन्न छात्र सेवाओं के लिए बार-बार विश्वविद्यालय न आना पड़े। अधिकांश प्रक्रियाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना है, ताकि प्रदेश ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के विद्यार्थी भी आसानी से एमडीयू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकें।



### फिर लौटेगी पुरानी रौनक

करीब 15-16 वर्ष पहले एमडीयू के डिस्टेंस एजुकेशन में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या दो लाख से अधिक थी। उस समय हरियाणा ही नहीं, देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां दाखिला लेते थे। लेकिन समय के साथ यह संख्या लगातार घटती चली गई। पिछले शिक्षा सत्र में नए दाखिले लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार रही, जबकि कुल विद्यार्थी संख्या घटकर लगभग 14 से 15 हजार के बीच रह गई। विश्वविद्यालय ने अब नए शिक्षा सत्र में करीब 30 हजार नए प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### तकनीकी बदलावों की कमी से पिछड़ा

प्रो. राजेश धनखड़ के अनुसार छात्र संख्या में कमी आने के पीछे कई कारण रहे। पहले दूरस्थ शिक्षा की सुविधा सीमित विश्वविद्यालयों में उपलब्ध थी, लेकिन अब देशभर के



अनेक विश्वविद्यालय अपने-अपने स्तर पर डिस्टेंस एजुकेशन के पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के पास विकल्प बढ़े हैं और प्रतिस्पर्धा भी पहले की तुलना में काफी अधिक हो गई है। उन्होंने बताया कि दूसरा महत्वपूर्ण कारण यह रहा कि समय के साथ कार्यप्रणाली में अपेक्षित तकनीकी बदलाव नहीं हो पाए। दूरस्थ शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को घर बैठे अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन प्रवेश, दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा करने, अध्ययन सामग्री प्राप्त करने और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए विद्यार्थियों को कई बार विश्वविद्यालय आना पड़ता था। इससे दूसरे राज्यों तथा दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ता था।

### तकनीक आधारित सेवाओं से डिस्टेंस एजुकेशन होगा सशक्त

अब प्रवेश प्रक्रिया, फीस जमा करना, दस्तावेज अपलोड करना, छात्र सेवाएं, अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन किया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विद्यार्थियों को अधिकांश सेवाएं घर बैठे मिल सकेंगी। इससे न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि दूरस्थ शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य भी पूरा होगा। प्रो. धनखड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि आधुनिक डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों का विश्वास दोबारा जीता जाए। यदि ऑनलाइन प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू होती है और नए सत्र में 30 हजार प्रवेश का लक्ष्य हासिल होता है तो डिस्टेंस एजुकेशन निदेशालय की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि रोजगार कर रहे युवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों तथा नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं हो पाने वाले छात्रों के लिए दूरस्थ शिक्षा आज भी एक बेहतर विकल्प है। विश्वविद्यालय इसी वर्ग को ध्यान में रखते हुए अपनी सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बना रहा है, ताकि एमडीयू का डिस्टेंस एजुकेशन निदेशालय एक बार फिर विश्वविद्यालय का कमाऊपूत बन सके।

## एमडीयू में कहां गए विद्यार्थियों के 'मददगार'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

- एमडीयू में पीजी प्रवेश परीक्षाएं शुरू

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पीजी की ये प्रवेश परीक्षाएं 17 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। इससे पहले विश्वविद्यालय में यूजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा और दाखिला प्रक्रिया की सभी काउंसलिंग का काम पूरा हो चुका है। प्रवेश परीक्षा के पहले ही दिन दूर-दराज से आए विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दरअसल, एमडीयू में करीब 8 से 9 छात्र संगठन सक्रिय हैं, जो हर साल नए आने वाले विद्यार्थियों की मदद के लिए हेल्प डेस्क लगाते थे। लेकिन इस बार नजारा बिल्कुल बदला हुआ है।

कैंपस में इक्का-दुक्का छात्र संगठनों को छोड़कर कहीं भी हेल्प डेस्क नजर नहीं आ रहे हैं। जब भी कोई बाहरी कॉलेज या दूसरी यूनिवर्सिटी का विद्यार्थी एमडीयू में प्रवेश परीक्षा देने आता है, तो उसे कैंपस के विभागों की सही जानकारी नहीं होती। हेल्प डेस्क न होने के कारण सोमवार को परीक्षा देने पहुंचे छात्र परीक्षा केंद्रों और संबंधित विभागों को ढूंढने के लिए भटकते नजर आए। चर्चा है कि आखिर विद्यार्थियों की मदद करने वाले छात्र संगठन और उनके नेता इस महत्वपूर्ण समय पर कहाँ गायब हैं। पहले लगभग सभी छात्र संगठन बढ़-चढ़कर हेल्प डेस्क लगाते थे, जिससे नए छात्रों को काफी सहूलियत होती थी। लेकिन इस बार छात्र संगठनों और विवि प्रशासन की इस बेरुखी का खामियाजा सीधे तौर पर प्रवेश परीक्षा देने आए छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि ऐसा ही हाल यूजी की प्रवेश परीक्षाओं और काउंसलिंग के दौरान भी देखने को मिला था। उस समय भी एक या दो छात्र संगठन ने हेल्प डेस्क लगाया था।

## शहीद कैप्टन दीपक शर्मा की जयंती पर पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिखेरे यादों के रंग



**रोहतक।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड में शहीद कैप्टन दीपक शर्मा की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में परिसर पहुंचे और शहीद कैप्टन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रों ने शिक्षकों से भेंट कर पुरानी यादें ताज़ा कीं। उन्होंने विद्यालय परिसर में एक क्रिकेट मैच खेला और विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपने छात्र जीवन के सुनहरे पलों को पुनः जीवंत किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने कहा कि कैप्टन दीपक शर्मा का जीवन साहस, देशभक्ति और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। वहीं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष करन विग और प्रबंधक राम चरण सिंगला सहित अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सभी ने देशसेवा का संकल्प लिया।

## जूडो में तीन खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

- नेपाल में जूडो प्रतियोगिता में कंसाला के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण, ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



नेपाल में आयोजित स्कूल गेम्स एजुकेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीईएफआई) की अंतरराष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में एन.आई.सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कंसाला और सूबेदार इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। एकेडमी के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों—मयंक, यश और मुकुटने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही इन तीनों खिलाड़ियों ने स्कूल एशियन गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मयंक को 'बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड' से भी नवाजा गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश, प्रदेश और गांव का नाम रोशन कर जब ये खिलाड़ी वापस लौटे, तो कंसाला में ग्रामीणों द्वारा इनका भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और गगनभेदी जयघोष के साथ खेल प्रेमियों व ग्रामीणों ने विजेता खिलाड़ियों और कोच का अभिनंदन किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर गांव के सरपंच ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की युवा प्रतिभाएं लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक रही हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भविष्य में खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड, कानून व्यवस्था से निपटने का कराया अभ्यास



**रोहतक।** पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड में भाग लेते पुलिस अधिकारी व जवान।

**रोहतक।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से सोमवार को रोहतक पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस चौकी प्रभारियों, पुलिस कार्यालय के अधिकारियों तथा विभिन्न इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। परेड के दौरान पुलिस जवानों को कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में अपनाई जाने वाली रणनीति और दंगा नियंत्रण संबंधी अभ्यास कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने जवानों को दंगा निरोधक उपकरणों के सुरक्षित एवं प्रभावी संचालन की जानकारी दी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित और बेहतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अभ्यास के दौरान पुलिस बल की अनुशासन, तालमेल और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का भी परीक्षण किया गया।

## 500 मीटर लंबी सड़क को हरा भरा बनाने के लिए गोद लिया

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के दयानंद मठ द्वारा संचालित वृक्षारोपण महायज्ञ को स्वामी सच्चिदानंद की प्रेरणा से निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में वेद प्रचार मंडल ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए सेक्टर-34 स्थित एक पार्क तथा मार्केट के साथ लगती 500 मीटर लंबी सड़क को हरा-भरा बनाने के लिए गोद लिया है। अभियान के तहत दोनों स्थानों पर अब तक 50 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रजातियों के फूलों के पौधे भी रोपे गए हैं, जिससे पार्क की सुंदरता और आकर्षण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल रहा है। वेद प्रचार मंडल के सदस्यों का कहना है कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। अभियान के दौरान नियमित रूप से हवन का आयोजन भी किया जाता है,



जिससे वैदिक परंपराओं के साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंच रहा है। इस महायज्ञ में आर्य समाज के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें रणवीर सिंह (पूर्व अभियंता), रामपाल, कविता मलिक, कौशल्या, कविता दहिया (लेक्चरर), नरेंद्र मलिक, संजय सांगवान, धर्मराज (एसडीओ), कमलेश दांगी तथा सुभाष सांगवान सहित अन्य सहयोगियों ने अपनी-अपनी आहुति देकर अभियान को सफल बनाया।

**सूचना**

मैं, अंकित पुत्र नरेन्द्र सिंह व माता का नाम सूखदेई निवासी मकान नं. 1353/12, मेडिकल मोड, मॉडल टाउन, रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे सभी शिक्षा के दस्तावेजों व जन्म प्रमाण पत्र में मेरी माता का नाम सुमन व पिता का नाम नरेन्द्र सिंह दर्ज है। मेरी माता के सभी दस्तावेजों में उनका नाम सुखदेई दर्ज है। सुखदेई व सुमन मेरी माता जी के दो नाम है जो कि एक ही औरत के है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## मेडिकल स्टोर व नशा मुक्ति केंद्रों की जांच तेज, 56 मामले दर्ज, 98 आरोपी पकड़े

# नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, कार्रवाई होगी और सख्त

**उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिले में नशाखोरी के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एनकॉर्ड (एनसीओआरडी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सचिन गुप्ता ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मेडिकल स्टोरों पर केवल गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की बिक्री हो और नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित जांच की जाए। उपायुक्त ने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि कम गुणवत्ता की दवाइयां बेचने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी उपमंडलाधीशों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने, रिकॉर्ड की जांच करने और व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पार्क, स्टेडियम, सब्जी मंडी और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही इन क्षेत्रों के आसपास स्थित मेडिकल स्टोरों की भी नियमित जांच की जाए ताकि प्रतिबंधित नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।



**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### सात करोड़ की संपत्तियां अटैच की

बैठक में बताया गया कि चालू वित्त वर्ष के दौरान जिले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 56 मामले दर्ज कर 98 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं वाणिज्यिक मात्रा से संबंधित 11 मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बताया कि इस वर्ष अब तक 6.920 किलोग्राम अफीम, 26.240 किलोग्राम चरस, 733.730 किलोग्राम चूरा पोस्त, 892 ग्राम 921 मिलीग्राम हेरोइन तथा 17 किलो 663 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जून माह के दौरान 420 ग्राम अफीम, 542 ग्राम 18 मिलीग्राम हेरोइन, 14.23 किलोग्राम गांजा और 917 ग्राम चरस भी जब्त की गई। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत अब तक 45 संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 7.16 करोड़ रुपये से अधिक है। चालू वर्ष में करीब 50 लाख रुपये मूल्य की सात संपत्तियां भी अटैच की गई हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, जेल अधीक्षक राय साहब, एसडीएम आशीष कुमार, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, जिला न्यायवादी सुरेंद्र पाहवा, ड्रग कंट्रोल अधिकारी मनदीप मान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में नन्हे बच्चों ने आत्म-परिचय प्रतियोगिता में बिखेरा जलवा

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में बालवाटिका-1 से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 'आत्म-परिचय वाचन प्रतियोगिता' का शानदार आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, मंच-संचालन, प्रभावी अभिव्यक्ति और सामाजिक व्यवहार का विकास करना था। प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह और निर्भीकता के साथ अपनी रुचियों, शौक और परिवार के बारे में बताकर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में नक्ष, सहर, लकशिव, दृष्टि, प्रियांशु, भौमिक और आयांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समर्थ, प्राची, अगस्त्य, राएशा सहित 14 बच्चों ने दूसरा और धन्वी, रूतिक, नव्या, अविराज समेत 12 बच्चों ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आत्म-परिचय व्यक्तित्व विकास की पहली सीढ़ी है। प्रारंभिक अवस्था में विकसित होने वाले ये गुण बच्चों को भविष्य में सफल बनाने की मजबूत आधारशिला रखते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्रधानाचार्या मधुलिका, कोऑर्डिनेटर एकता, सीमा ढुआ, सोनिया, कनिका सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# चोरों ने एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना, नकदी और लाखों के जेवर उड़ाए

## गिरावड़ में मकान से 1.70 लाख व आभूषण, दूसरे से 5 लाख और गहने चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव गिरावड़ में चोरों ने एक ही रात दो मकानों को निशाना बनाते हुए नकदी और लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। दोनों वारदातों के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने एक मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव गिरावड़ निवासी नरेश पुत्र बलवंत ने बताया कि उसके दोनों बेटे बाहर रहते हैं और घर में केवल वह और उसकी पत्नी ही रहते हैं। 12 जुलाई की सुबह वह आंगन से घर के अंदर गया तो देखा कि अलमारी और संदूक खुले पड़े थे तथा घर का सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि चोर घर से एक सोने का लॉकेट, दो सोने की अंगूठियां, छह जोड़ी चांदी की पाजेब, एक चांदी की अंगूठी, पांच चांदी के सिक्के, बच्चों की दो कुंडलियां, छह जोड़ी चांदी की चुटकियां तथा 1 लाख 70 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।

### दूसरी वारदात भैंस व्यापारी कुलदीप के मकान में हुई

इसी गांव में दूसरी वारदात भैंसों के व्यापारीकुलदीप पुत्र रामधारी के मकान में हुई। चोर मकान की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और वहां से 5 लाख रुपये नकद तथा लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। लगातार दो घरों में हुई चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। लाखन माजरा थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है।

# प्रेम नगर में साढ़े तीन से चार लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण चोरी

## बहन से मिलकर दिल्ली से लौटी महिला, अलमारी से गायब मिले लाखों के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रेम नगर निवासी एक महिला के घर से करीब साढ़े तीन से चार लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को घर में जबरन घुसने या चोरी के स्पष्ट संकेत नहीं मिले। फिलहाल महिला ने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पीड़िता सुषमा ने बताया कि वह 25 जून को छुट्टियों के दौरान अपनी बीमार बहन के पास दिल्ली गई थी और 28 जून को वापस लौटी। 3 जुलाई की शाम जब उसने अलमारी की जांच की तो उसमें रखे सोने और चांदी के सभी आभूषण गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी जेवर नहीं मिले तो उसकी भाभी ने 5 जुलाई को डायल 112 पर सूचना दी।

### जबरन चोरी के नहीं मिले संकेत

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान घर का अन्य सामान व्यवस्थित मिला और कहीं भी ताले तोड़ने या जबरन प्रवेश के निशान नहीं मिले। इसी आधार पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया माना कि घटना में किसी बाहरी व्यक्ति की संलिप्तता स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ रही है। हालांकि आभूषणों के गायब होने की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है।

### दिवंगत भाई के परिवार के साथ रह रही महिला

सुषमा तलाकशुदा है और अपने मायके में रहती है। माता-पिता के निधन के बाद वह अपने दिवंगत भाई के परिवार के साथ रह रही है। परिवार की मर्यादा और आपसी रिश्तों को ध्यान में रखते हुए उसने अभी तक पुलिस को कोई औपचारिक लिखित शिकायत नहीं दी है। फिलहाल वह घर में ही आभूषणों की तलाश कर रही है। महिला के अनुसार गायब सोने और चांदी के आभूषणों की कीमत करीब 3.5 से चार लाख रुपये है।

## शहर में मेयर-कमिश्नर के नेतृत्व में 19 तक चलेगा 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान

# सफाई से वेलकम की तो हर रोज जरूरत

## रामअवतार वाल्मीकि ने खुद सफाई की

**नवजीवन अस्पताल के पास कूड़ा प्वाइंट खत्म किया सौंदर्यीकरण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। सफाई अभियान चलाते हुए मेयर रामअवतार वाल्मीकि। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्वच्छता से स्वागत' विशेष सफाई अभियान के तहत सोमवार को नवजीवन अस्पताल के समीप वर्षों से बने कूड़ा प्वाइंट को पूरी तरह समाप्त कर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया गया। नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने स्वयं अभियान में भाग लेकर सफाई कार्यों का जायजा लिया और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि सभी लोग अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने का संकल्प लें तो शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का लक्ष्य जल्द पूरा किया जा सकता है। नगर निगम द्वारा शहर में चिन्हित ऐसे सभी कूड़ा प्वाइंट, जो लंबे समय से गंदगी और दुर्गंध का कारण बने हुए हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जा रहा है। इन स्थानों को केवल साफ करने तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि स्थायी रूप से विकसित कर उपयोगी और आकर्षक बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में दोबारा वहां कूड़ा न डाला जाए।महापौर ने बताया कि नवजीवन अस्पताल, मॉडल टाउन के समीप स्थित कूड़ा प्वाइंट से पूरा कचरा हटाने के बाद वहां इंटरलॉकिंग टाइलें लगाई गई हैं। अब यह स्थान स्वच्छ और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित हो गया है। अपील की कि घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कचरा केवल नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों को ही दें।

## जनभागीदारी से स्वच्छ बनेगा शहर

**हर वार्ड में सफाई, कूड़ा प्वाइंट, नालों व सार्वजनिक स्थलों की होगी निगरानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। अधिकारियों के साथ मीटिंग करते निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन।

नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने 'स्वच्छता से स्वागत' विशेष सफाई अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय बैठक में 19 जुलाई 2026 तक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत नगर निगम रोहतक द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिशन मोड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान शहर के प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए और गंदगी के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी कूड़ा प्वाइंट, गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट, मुख्य मार्गों, बाजारों, कॉलोनियों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, खाली प्लॉटों, नालों और जलभराव संभावित क्षेत्रों की विशेष सफाई करवाई जाएगी।उन्होंने कहा कि अभियान की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारी फील्ड में रहकर सफाई कार्यों का जायजा लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्याप्त संसाधनों के साथ काम करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थान पर कूड़ा, मलबा या अन्य प्रकार की गंदगी न रहे।निगम आयुक्त ने कहा कि सफाई अभियान केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका सकारात्मक असर शहरवासियों को दिखाई देना चाहिए। सफाई के बाद नागरिकों, दुकानदारों और स्थानीय प्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जाए। किसी भी क्षेत्र से शिकायत मिलने पर तुरंत समाधान किया जाए और जरूरत पड़ने पर दोबारा सफाई करवाई जाए।

# 700 ग्राम सोना लेकर फरार कारीगर, यूपी पहुंची पुलिस

**तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने में जुटी पुलिस, जल्द गिरफ्तारी का दावा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुनारों वाली गली से 700 ग्राम सोना चोरी कर फरार हुए कारीगर की तलाश में पुलिस अब उत्तर प्रदेश पहुंच गई है। करीब आठ साल से ज्वेलरी कारोबारी के यहां काम कर रहे कारीगर ने विश्वास को तोड़ते हुए लाखों रुपये मूल्य का सोना लेकर फरार होने की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। सिटी थाना पुलिस दुकानदार को साथ लेकर आरोपी के पैतृक गांव पहुंची है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान यूपी के गोंडा जिले निवासी लल्ला चौहान के रूप में हुई है। वह आठ वर्षों से रोहतक की सुनारों वाली गली में एक ज्वेलरी कारोबारी के यहां कारीगर के तौर पर कार्यरत था। कारोबारी को उस पर पूरा भरोसा था, लेकिन इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।

### 30 वर्षों से ज्वेलरी सप्लाई का कर रहे हैं कारोबार

पीड़ित कारोबारी सरदार मंदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पिछले लगभग 30 वर्षों से ज्वेलरी सप्लाई का कारोबार कर रहे हैं। 9 जुलाई की सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्होंने लल्ला चौहान को दुकान खोलने के लिए फोन किया, लेकिन वह लगातार बहाने बनाता रहा और दुकान पर नहीं पहुंचा। उसके व्यवहार पर शक होने पर जब वह खुद दुकान पहुंचे तो वहां से करीब 700 ग्राम सोना गायब मिला।

### आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय पुलिस की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर चोरी किया गया सोना बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।
-रमेश, सिटी थाना प्रभारी

# एमडीयू में फेयरवेल फंड की राशि यूनिवर्सिटी खाते में जमा

- विदाई समारोह के लिए छात्रों से जुटाए गए 36,900 रुपये जांच कमेटी ने बरामद किए
- ऑफिस का ताला खुलवाकर वीडियोग्राफी के बीच राशि विवि खाते में कराई जमा
- डॉ. भगत सिंह राठी पर लगे आरोपों के बाद वीसी के निर्देश पर कमेटी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शारीरिक शिक्षा विभाग से एक अहम मामला सामने आया है, जहां छात्रों से फेयरवेल पार्टी (विदाई समारोह) के नाम पर एकत्रित की गई राशि को वापस लौटाने के लिए कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विदाई समारोह के आयोजकों के अनुरोध पर कमेटी द्वारा छात्रों से कुल 36,900 की राशि जुटाई गई थी। इस राशि को विभाग के कार्यालय की अलमारी में सुरक्षित रखा गया था।

इस संबंध में डॉ. भगत सिंह राठी ने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष को ईमेल के जरिए सूचित किया है। इसके बाद यूनिवर्सिटी की तरफ से बनाई जांच कमेटी ने ऑफिस का ताला खोलकर पैसे ले लिए है और यूनिवर्सिटी अकाउंट में जमा करवा दिए। इस पूरे मामले की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। बता दे कि डॉ. भगत सिंह राठी पर छात्रों से अवैध वसूली के आरोप लगे थे। छात्र नेता प्रदीप मोटा ने बताया कि छात्रों ने डॉ. भगत सिंह राठी के खिलाफ कई बार शिकायत दी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही थी। कुलपति प्रो. मिलाप सिंह पूनिया ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और भगत सिंह राठी को सस्पेंड करके एक जांच कमेटी बनाई, जिसने आज ऑफिस खोलकर रुपये बरामद किए हैं।

### दहेज प्रताड़ना का आरोप, पति समेत छह ससुरालियों पर केस

**रोहतक।** कलानौर थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वार्ड नंबर-10 कलानौर निवासी शालू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह गांव रोद निवासी कुलदीप के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति कुलदीप, जेठ सोनू, जेठानी सुमन, सास राजबाला और चाचा हरिओम सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एमडीयू में खाली रह जाएंगी एमटीटीएम और एमएचएमसीटी की सीटें

# 70 सीटों के लिए परीक्षा देने पहुंचे सिर्फ 37 छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। लोक प्रशासन की प्रवेश परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं सोमवार से शुरू हुई और परीक्षाएं 17 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। एमटीटीएम तथा एमएचएमसीटी में कुल 70 सीटे है, लेकिन प्रवेश परीक्षा में 37 अभ्यर्थी शामिल हुए और 9 अनुपस्थित रहे। प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक आयोजित एमए (लोक प्रशासन) की प्रवेश परीक्षा में 73 अभ्यर्थी शामिल हुए और 22 अनुपस्थित रहे, एमएससी (फॉरेंसिक साइंस) प्रवेश परीक्षा में 85 अभ्यर्थी शामिल हुए और 20 अनुपस्थित रहे और एम.कॉम. की प्रवेश परीक्षा में 85 अभ्यर्थी शामिल हुए और 36 अनुपस्थित रहे। दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एम.ए. (समाजशास्त्र) की प्रवेश परीक्षा में 99 अभ्यर्थी शामिल हुए और 31 अनुपस्थित रहे। एमबीए, एमबीए (एसएफएस), एमबीए (बिजनेस साइकोलॉजी) की प्रवेश परीक्षा में 671 अभ्यर्थी शामिल हुए और 142 अनुपस्थित रहे। मनोविज्ञान विभाग के पाठ्यक्रमों और एम.ए. (गाइडेंस एंड काउंसलिंग) की प्रवेश परीक्षा भी आज आयोजित की गयी। 14 जुलाई को एमएससी (केमिस्ट्री), एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन), एमएससी (मैथमेटिक्स), एमएससी (फिजिक्स) तथा लाइफ साइंस समूह के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी। 15 जुलाई को एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), एलएलबी (ऑनर्स) तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, एमए (हिस्ट्री) और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा होगी। 16 जुलाई को एमए (भूगोल), बीपीएड., एमपीएड, एमए (संस्कृत), एमए (डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज), एमए (इकोनॉमिक्स), एमलिब, एमए (एजुकेशन), एमए (फाइन आर्ट्स), संगीत विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रम, एम.ए. (योग विज्ञान), एमएड, एमएससी (स्टैटिस्टिक्स) तथा एमए (हिंदू स्टडीज) की परीक्षाएं होंगी। 17 जुलाई को एमए (हिंदी), एमसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी. (डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग) तथा फार्मास्युटिकल साइंसेज समूह के एमफार्म पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**निगम की अच्छी पहल** पशुओं और बच्चों के गिरने का बना हुआ था भय

# पुराने बस अड्डे के सामने खुले नालों पर दोबारा लगे स्लैब, लोगों को मिली राहत

**मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ नागरिकों से समस्याओं की सूचना देने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। नाले को ठीक करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

शहर के पुराने बस अड्डे के सामने खुले पड़े नालों को लेकर स्थानीय लोगों की चिंता आखिरकार दूर हो गई है। नगर निगम ने लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नालों पर दोबारा स्लैब लगवा दिए हैं। इससे क्षेत्र में आने-जाने वाले राहगीरों को राहत मिली है और संभावित हादसों की आशंका भी काफी हद तक कम हो गई है।

जानकारी के अनुसार, मानसून से पहले शहर के प्रमुख नालों की सफाई अभियान के तहत पुराने बस अड्डे के सामने बने नालों से स्लैब हटाए गए थे। सफाई कार्य पूरा होने के बाद भी लंबे समय तक स्लैब दोबारा नहीं लगाए गए, जिसके कारण नाले खुले पड़े रहे। यह स्थिति राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। खासकर रात के समय और बारिश के दौरान खुले नाले दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे थे।

स्थानीय लोगों का कहना था कि खुले नालों में छोटे बच्चों और आवारा पशुओं के गिरने का लगातार खतरा बना हुआ था। कई बार राहगीरों का संतुलन भी बिगड़ते-बिगड़ते बचा। लोगों ने नगर निगम अधिकारियों से जल्द स्लैब लगाने की मांग की थी ताकि किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो सके।

शिकायत मिलने के बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और नालों पर दोबारा स्लैब लगाने का कार्य शुरू कराया। अब अधिकांश स्थानों पर स्लैब लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिली है। क्षेत्र के दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने निगम की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि समय रहते कदम उठाने से बड़ी दुर्घटना टल गई। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले नालों की सफाई शहर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी थी। सफाई कार्य पूरा होने के बाद अब सभी स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से स्लैब लगाए जा रहे हैं। साथ ही अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि यदि शहर में कहीं भी खुले नाले या अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्या दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत निगम को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने का अंतिम मौका आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जुलाई निर्धारित की गई है। ऐसे में जिन पात्र मतदाताओं ने अभी तक अपना फॉर्म जमा नहीं कराया है, उनके पास प्रक्रिया पूरी करने के लिए केवल मंगलवार का दिन शेष है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज रहे। इसके लिए सभी पात्र मतदाताओं से समय सीमा के भीतर अपना भरा हुआ एन्यूमरेशन फॉर्म संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा कराने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं की सहायता के लिए उपलब्ध हैं। फॉर्म भरने या जमा कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मतदाता अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक जानकारी और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं फॉर्म जमा कराने के साथ-साथ अपने परिवार, पड़ोसियों, मित्रों और अन्य पात्र मतदाताओं को भी अंतिम तिथि से पहले यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन का कहना है कि प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी से मतदाता सूची अधिक सटीक और अद्यतन बन सकेगी। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद फॉर्म जमा कराने का अवसर नहीं रहेगा।



रोहतक। पात्र मतदाताओं के फॉर्म भरवाते बीएलओ। फोटो : हरिभूमि